# जनसुनवाई में जमीन से जुड़ी शिकायतें लेकर पहुंचे आवेदक

## कलेक्टर को लोगों ने बताया शासकीय जमीन से लेकर निजी भूमि पर भूमाफियाओं का कब्जा, 116 आवेदन आए

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** जिले में जमीन से जुड़ी शिकायतों का निराकरण नहीं हो पा रहा है, जिसके कारण लोग अपनी समस्याएं लेकर कलेक्टर के दरबार में पहुंच रहे है, लेकिन बार बार शिकायते और मिन्नते करने के बाद भी उन्हें न्याय नहीं मिल पा रहा है। जिसकी बजह से वह न्याय की आस में आसमान की ओर देखकर भगवान को याद करते हुए नजर आते है। ऐसे ही कई जमीन से जुड़े मामले में मंगलवार को आयोजित सुनवाई में आए, जिसमें ग्रामीण से लेकर शहरी आवेदकों ने शासकीय भूमि पर अतिक्रमण सहित निजी भूमि पर अन्य व्यक्तियों को कब्जा बताते हुए उन्हें उनकी जमीन दिलाने निवेदन किया। दरअसल कलेक्टर साकेत मालवीय जनसुनवाई में मंगलवार को 116 आवेदन प्राप्त हुए। जिनमें ग्राम ढाकोनी निवासी अनीता यादव द्वारा भूमि पर कब्जा हटाए जाने, ग्राम मारूखेड़ी निवासी रमेश कुमार द्वारा नक्शा दुरुस्त कराए जाने, अमाई पछार निवासी नोनीतराम अहिरवार द्वारा निजी कुआं गहरीकरण कराए जाने , ग्राम सिलावन निवासी श्याम लाल अहिरवार द्वारा भूमि पर कब्जा दिलाए जाने, ग्राम रैझा निवासी चैन सिंह अहिरवार द्वारा नक्शा बनवाये जाने, ग्राम पड़रिया निवासी विमला बाई कुशवाहा द्वारा राशन दिलाए जाने ,ग्राम देवरछी निवासी शंकर यादव द्वारा बमोरीटाका पंचायत निर्माण कार्यों की जांच कराए जाने, ग्राम झीला निवासी वंदना रघुवंशी द्वारा ससुराल से आवश्यक दस्तावेज दिलाए जाने, ग्राम लिधौरा निवासी राजा द्वारा मुआवजा दिलाए जाने, वार्ड क्रमांक 13 निवासी योगेश कुमार त्रिपाठी द्वारा शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटवाए जाने संबंधी सहित अन्य समस्या मूलक आवेदन प्राप्त हुए। प्राप्त आवेदनों के निराकरण समय सीमा में किये जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को मौके पर दिए। जनसुनवाई में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन, अपर कलेक्टर डीएन सिंह, संयुक्त कलेक्टर ब्रजबिहारी लाल श्रीवास्तव, सोनम जैन, एसडीएम शुभ्रता त्रिपाठी सहित जिला अधिकारी उपस्थित रहे।



# सहयोग सम्मेलन में शामिल हुए चंदेरी के बुनकर



**चंदेरी साड़ी की डिजाइनों से प्रभावित हुए मुख्यमंत्री**

**आर्थिक सशक्तिकरण का बढ़ता स्वरूप एक जिला एक उत्पाद**

**नवभारत न्यूज**

**चंदेरी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मप्र में एक जिला-एक उत्पाद (ओडीओपी) को एक प्रभावी आर्थिक मॉडल को एक सशक्तिकरण के रूप में विकसित किया गया है, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश दोनों राज्यों के संयुक्त तत्वाधान में वाराणसी उप्र में उद्योग जगत को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सहयोग सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव चीफ गेस्ट के रूप में उपस्थित हुए। तो वहीं जिले से एक जिला एक उत्पाद के रूप में चंदेरी साड़ी का चयन किया गया है, जिसको लेकर चंदेरी के बुनकर रमेश कोली, अशोक लालमणि, मनोहर लाल कोली, हेमराज कोली शामिल हुए। इस दौरान लगाए गए साड़ियों के स्टॉल पर निरीक्षण के दौरान जैसे ही मुख्यमंत्री ने चंदेरी साड़ियों के डिजाइनों देखा तो हस्तकला के इस अद्भुत हुनर बहुत सराहा स्थानीय उत्पादों की पहचान को आगे बढ़ाकर उन्हें बाजार, निर्यात और रोजगार से जोड़ा जा रहा है। इसी सशक्त और परिणामोन्मुख मॉडल को वाराणसी में 31 मार्च को आयोजित सहयोग सम्मेलन में साझा किया गया और यूपी के नवाचारों से भी अवगत कराया। ओडीओपी के माध्यम से प्रत्येक जिले की विशिष्टता को चिन्हित कर उसे उत्पादन, प्रोसेसिंग, मूल्य संवर्धन, ब्रांडिंग, पैकेजिंग और बाजार उपलब्धता से जोड़ा गया है। मप्र में यह पहल केवल पारंपरिक उत्पादों के संरक्षण तक सीमित नहीं रही, बल्कि इसे एक समग्र वैल्यू चेन के रूप में विकसित किया गया है, जिससे कारीगरों, किसानों और सूक्ष्म उद्यमियों को स्थायी आर्थिक अवसर प्राप्त हो रहे हैं. सहयोग सम्मेलन में ओडीओपी से स्थानीय उत्पादकों और कारीगरों के आर्थिक सशक्तिकरण का मॉडल साझा किया गया।

## एक नजर में

### आर्यन द्विवेदी का उत्कृष्ट प्रदर्शन



**अशोकनगर।** मुस्कान पब्लिक स्कूल में कक्षा 4 के छात्र आर्यन द्विवेदी ने वार्षिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 99.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय और माता-पिता का गौरव बढ़ाया है। उन्हें सभी विषयों में विशेष योग्यता प्राप्त हुई है। आर्यन ने 600 में से 596 अंक प्राप्त किए हैं। आर्यन शहर के वरिष्ठ पत्रकार समीर द्विवेदी के पुत्र हैं। उनके सफलता पर माता-पिता, गुरुजनों और शुभचिंतकों ने बधाई और शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।



### जनसुनवाई में रहवासियों ने की पक्के निर्माण को हटाए जाने की मांग

**चंदेरी।** मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई के दौरान एसडीएम मनीष धनगर ने लोगों की समस्याएं सुनकर निराकरण हेतु संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए हैं। इस दौरान आवेदक देवसिंह, अर्जुन सिंह, अखिलेश कुमार, रीतेश जैन, तेज सिंह यादव, सुधाराजे परमार आदि ने संयुक्त रूप से आवेदन देते हुए बताया कि घनश्याम अहिरबार द्वारा शासकीय रास्तें में अतिक्रमण कर पक्का निर्माण कर लिया गया हैं, तथा लगभग 5 फीट का छज्जा भी निकाल लिया है, जिसके कारण आवागमन अवरूद्ध हो रहा है। तो वहीं रास्ता पूरी तरह बंद कर दिया गया हैं। इसके कारण स्थानीय रहवासियों को आनें जानें में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है तथा वाहनों की आवाजाही भी पूरी तरह बंद हो गई है। आवेदकों ने मांग की है कि इस अवैध रूप से किये गये पक्के निर्माण के अतिक्रमण को हटाया जाए, जिससे की आवागमन फिर से सुचारू रूप से चल सके।

### कलेक्टर ने किया जिला कोषालय स्ट्रांग रूम का वार्षिक निरीक्षण

**अशोकनगर।** कलेक्टर साकेत मालवीय द्वारा मंगलवार को संयुक्त कलेक्ट्रेट भवन स्थित जिला कोषालय के स्ट्रांग रूम का वार्षिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने वहां रखे विभिन्न मूल्यों के स्टांप एवं अन्य मूल्यवान वस्तुओं का अवलोकन किया। उन्होंने स्टाम्प का भौतिक रूप से सत्यापन और कोषालयीन व्यवस्थाओं के संबंध में अन्य जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश भी दिए। उन्होंने सुरक्षाकर्मियों को स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था तथा आगजनी से सुरक्षा सुदृढ़ रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान संयुक्त कलेक्टर आरबी सिण्डोस्कर, जिला कोषालय अधिकारी रविन्द्र सूर्यवंशी, सहायक कोषालय अधिकारी अशोक राणा उपस्थित रहे।

# बाइकों की भिड़ंत में दो की मौत, तीन घायल

## नईसराय-शाढौरा रोड पर हुई भीषण भिड़ंत, थाना प्रभारी ने पहुंचाया अस्पताल

**नवभारत न्यूज**

**शाढ़ौरा।** नईसराय थाना क्षेत्र में नईसराय-शाढ़ौरा मार्ग पर मंगलवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा सुबह करीब 9 बजे बीसौर गांव के पास हुआ, जहां दो बाइकों की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, कालुआखेड़ी निवासी विशाल जाटव अपने रिश्तेदार सुनील जाटव के साथ बाइक क्रमांक एमपी 09 क्यू 8207 से नईसराय की ओर जा रहे थे। वहीं बीसौर गांव के सपेरा डेरा निवासी गोविंद नाथ, राजा नाथ और बंटी नाथ दूसरी बाइक क्रमांक एमपी 67 एमसी 6298 से अपने डेरे की ओर लौट रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार के चलते दोनों बाइकों में आमने-सामने भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि विशाल जाटव की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल गोविंद नाथ ने अस्पताल ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया। हादसे में घायल अन्य तीन लोगों में से एक का इलाज नईसराय अस्पताल में भर्ती किया गया,



जबकि दो घायलों को शाढ़ौरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रेफर किया गया है। घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 और नईसराय थाना पुलिस मौके पर पहुंची। थाना प्रभारी मनीष सिंह गुर्जर ने तत्परता दिखाते हुए घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया। वहीं वाहन में जगह न होने के कारण मृतक विशाल जाटव के शव को भी उन्होंने मानवीय संवेदना का परिचय देते हुए अपने निजी वाहन से अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। दोनों मृतकों के शवों का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

### तीन दिवसीय दौरे पर सांसद सिंधिया

**अशोकनगर।** केन्द्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री तथा क्षेत्रीय सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया 2 से 5 अप्रैल तक जिले के भ्रमण पर रहेगें। जानकारी देते हुए भाजपा जिला मीडिया प्रभारी डॉक्टर हरवीर सिंह रघुवंशी ने बताया कि जारी कार्यक्रम अनुसार केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया 2 अप्रैल को सायं 07.15 बजे भोपाल से प्रस्थान कर रात्रि 10.45 बजे अशोकनगर आयेगें एवं रात्रि विश्राम करेगें। इसी प्रकार केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया 03 अप्रैल 2026 को प्रात11 बजे कजराई पहुंचेगें एवं ब्रिज एवं पंचायत भवन का लोकार्पण करेंगें। दोपहर 12.35 बजे ग्राम सीगोन, दोपहर 01.15 बजे ग्राम गरेठी में स्थानीय भ्रमण में भाग लेगें। दोपहर 2 बजे पिपरई पहुंचेगें एवं पिपरई में जनसुनवाई कार्यक्रम में भाग लेगें। अपरान्ह 04.15 बजे ग्राम शुक्लापुरी पहुंचेगे एवं स्थानीय भ्रमण में भाग लेगें। नगर परिषद मैदान मुंगावली पहुंचेगें एवं विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास करेगें। इसके अलावा अन्य कार्यक्रम में भाग लेंगे।

# एचपीवी वैक्सीनेशन के तहत किया टीकाकरण

**पीएमश्री स्कूल शाढौरा में हुआ आयोजन**

**आधा सैकड़ा किशोरियों को लगाया गया टीका**




**नवभारत न्यूज**

**शाढ़ौरा।** जिला कलेक्टर के निर्देशानुसार एवं सीएमएचओ डॉ. अलका द्विवेदी के नेतृत्व में शाढ़ौरा मैं स्थित पीएमश्री कन्या हाई स्कूल में एचपीवी वैक्सीनेशन अभियान आयोजित किया गया। विद्यालय में रिजल्ट दिवस के अवसर पर बड़ी संख्या में उपस्थित किशोरी बालिकाओं को एचपीवी वैक्सीन लगाई गई। कार्यक्रम के दौरान बीएमओ डॉ. जयकृत सिंह राजपूत ने पूरी स्वास्थ्य टीम के साथ छात्राओं एवं उनके अभिभावकों को एचपीवी वैक्सीन के महत्व के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह वैक्सीन सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाव का प्रभावी माध्यम है। डॉ. राजपूत ने छात्राओं से संवाद करते हुए उनके प्रश्नों के उत्तर भी दिए तथा उन्हें बिना किसी भय के टीकाकरण कराने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय की 50 से अधिक किशोरी बालिकाओं को एचपीवी वैक्सीन लगाई जा चुकी थी। छात्राओं एवं अभिभावकों ने इस अभियान में उत्साहपूर्वक भाग लिया। अभियान में स्वास्थ्य विभाग की टीम से एएनएम सुमन धाकड़, एएनएम दियाधरी सोनम शर्मा, सीएचओ बामोरा तारा कुशवाह, सीएचओ रातीखेडा साधना मुनिया, एएनएम पिंकी राजोरिया, फोकल प्वाइंट प्रभारी जेके माथन तथा डाटा एंट्री ऑपरेटर अवधेश भंडारी उपस्थित रहे। वहीं विद्यालय के प्राचार्य रामबली रघुवंशी एवं विद्यालय के समस्त स्टाफ ने कार्यक्रम में पूर्ण सहयोग प्रदान किया, जिसके कारण टीकाकरण अभियान सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस दौरान डॉ. जयकृत सिंह ने कहा कि जिले की प्रत्येक किशोरी बालिका तक एचपीवी वैक्सीन पहुंचाना स्वास्थ्य विभाग की प्राथमिकता है और इसके लिए लगातार जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं।



# जरुरतमंद मरीजों को उपलब्ध कराया रेयर ब्लड ग्रुप का ब्लड

**ब्लड न मिलने से परेशान थे मरीज के परिजन**

**ए निगेटिव और ओ निगेटिव, एबी निगेटिव जैसे रेयर ब्लड**

**नवभारत न्यूज**

अशोकनगर। नगर का ब्लड हेल्प ग्रुप न केवल जिले के मरीजों को बल्कि आसपास के अन्य जिलों के मरीजों को भी रेयर माने जाने वाले ग्रुप का रक्त उपलब्ध कराता है। हाल ही में शिवपुरी जिले के थैलेसीमिया मरीज मयंक यादव को ए निगेटिव ब्लड की जरूरत थी, जो कि गुना एवं शिवपुरी में नहीं मिल पा रहा था। जिसके चलते ग्रुप सदस्य रवि मलिक ने बालक के लिए ए निगेटिव रक्तदान किया। वहीं सहसूदी निवासी थैलेसीमिया पीड़ित बालिका माधवी के लिए ग्रुप के प्रवीण यादव ने ओ निगेटिव एवं सतीश चौरसिया ने बहादुरपुर निवासी मरीज छाया पाल के लिए ए बी निगेटिव जैसे रेयर ब्लड के रक्तदान किए। इसके अलावा कम मिलने वाले ब्लड ग्रुप ए बी पॉजिटिव के भी रक्तदान कराए गए। जिनमें अंजली शर्मा,अर्पित जैन,हरेंद्र रघुवंशी,नीरज गुप्ता आदि ने जरूरतमंद मरीजों के लिए तत्काल पहुंचकर रक्तदान किए।

## धर्म-कर्म

### नईसराय के झिरिया सरकार मंदिर पर चल रही श्रीमद् भागवत पुराण

# रुकमणी विवाह आत्मा से परमात्मा का मिलन : मनोज शास्त्री



**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** नईसराय तहसील मुख्यालय स्थित झिरिया सरकार हनुमान मदिर पर चल रही संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण कथा के छटवे दिन कथा व्यास पंडित मनोज कृष्ण शास्त्री ने महारास का प्रसंग श्रवण कराया। इसके साथ ही झांकी के माध्यम से महारास की लीला का दर्शन कराया। इस दौरान महाराज ने कहा कि भगवान श्री कृष्णा वृंदावन को छोड़कर मथुरा अक्रूर जी के साथ जाने लगे तब गोपियों ने भगवान श्री कृष्ण की याद में आंसू बहाते हुए कहा की हे श्याम सुंदर आपने यह कैसे सोच लिया कि आप हमें छोड़कर चले जाओगे, आप तो कहते थे मैंने प्रेम किया है यह कैसा प्रेम है, प्रेमियों को छोड़कर जाना क्या प्रेम होता है। तब भगवान कृष्ण ने कहा कि मैं परसों लौट कर आ जाऊंगा, गोपियों को क्या पता था कि भगवान परसों की कहकर बरसों में नहीं आने वाले। भगवान को तो आगे की लीलाएं पूरी करना था मथुरा में जाकर करना थी, जहां भगवान ने कंस का उद्धार किया तत्पश्चात संदीपनी जीके आश्रम उज्जैन जाकर विद्या अध्ययन किया, तत्पश्चात उद्धव को संदेश लेकर के वृंदावन भेजा उद्धव ज्ञानी तो थे पर प्रेमियों की परिभाषा वृंदावन जाकर सीखी फिर भगवान ने द्वारकापुरी का निर्माण किया एवं रुक्मणी जी के साथ भगवान के विवाह का प्रसंग पूज्य व्यास जी ने बड़े रोचक ढंग से सुनाया। वहीं कथा पंडाल में भगवान के विवाह में सभी भक्त झूमते हुए नजर आए, वहीं मयूर लीला का भी भक्तों ने आनंद लिया। इसके साथ ही फूल होली का आयोजन किया गया।

**प्रेम से पाया जा सकता है परमपिता को:**

कथा के छटवे दिन कथा व्यास श्री शास्त्री ने कहा कि एक ज्ञानी पुरुष की आवश्यकता होती है, उन्होंने कहा श्री कृष्ण है उनसे मिलने के लिए प्रेम की परम आवश्यकता है और जिस आत्मा के भीतर दया, करुणा, परहित ऐसी भावनाए जिस जीवात्मा के अंदर होगी भगवान उसके लिए प्राप्त हो जाएंगे। श्रीमद् भागवत मे अनेकों ऐसे महत्वपूर्ण कथाएं हैं जिनको सुनकर के व्यक्ति अपने जीवन को सफल बना सकता है, संपन्न बन सकता है।

### हनुमान जन्मोत्सव की तैयारियां पूर्ण, फूलों से सजाये गये मंदिर

**अशोकनगर।** जिलेभर के मंदिरों पर हनुमान जन्मोत्सव की तैयारियां देखी जा रही है। जिसके चलते मंदिरों पर विशेष साफ-सफाई होने के साथ ही मंदिरों का आकर्षक रूप दिया जा रहा है। जहां मंदिरों को फूलों से सजाया जा रहा है, तो वहीं विशेष लाईटिंग की गई है, जो रात्रि में काफी आकर्षित लगती है। श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर के पुजारी किशन लाल मिश्रा ने बताया कि चैत्र शुक्ल पक्ष में पूर्णिमा गुरुवार को ध्रुव योग एवं मंगल और राहु के हो जाने के कारण अंगारक योग में जो की अति दुर्लभ योग है। वहीं पुजारी श्री मिश्र ने बताया कि श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर पर हनुमान जन्मोत्सव के अवसर 108 सुंदरकांड पाठ श्रद्धालुओं की मदद से किए जायेगें। तो वहीं महाराज के 11 पाठ पुजारी श्री पंचमुखी हनुमत कवच के साथ पुजारी किशन लाल मिश्रा के द्वारा किए जाएंगे एवं एक पंचमुखी हनुमत कवच से दोपहर 1 बजे से हवन किया जाएगा एवं हनुमत सहस्त्रनाम पाठ का भी उच्चारण किया जाएगा।

# थ्रेशर खरीदने के नाम किसान से लाखों की ठगी

**फेसबुक के प्रचार में फंसे किसान ने डाले पैसे**

**पैसे देने के बाद न मिली थ्रेसर, न ही मिले पैसे वापस**



**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** जिले में ऑनलाइन ठगी का एक नया मामला सामने आया है, जिसमें ठग ने थ्रेसर देने की बात कहकर किसान से एक लाख रूपये खाते में डलवा लिये, लेकिन न तो उसे थ्रेसर दी गई और न ही उसे उसके पैसे वापस लौटाये गये, जिसके चलते किसान ने इसकी शिकायत पुलिस में की है।

दरअसल ग्राम गोराकला निवासी 50 वर्षीय दुर्ग सिंह लोधी ने फेसबुक पर 1.50 लाख रुपए में थ्रेसर बेचने का एक विज्ञापन देखा था। विज्ञापन में दिए गए मोबाइल नंबर पर संपर्क करने पर आरोपी ने सौदा तय कर लिया और अग्रिम भुगतान के रूप में पैसे मांगे। आरोपी के झांसे में आकर फरियादी ने अलग-अलग तिथियों में कुल 1,00,011 रुपए विभिन्न मोबाइल नंबरों पर ट्रांसफर कर दिए। यह भुगतान 7 मार्च को 10 रुपए के परीक्षण लेनदेन के साथ शुरू हुआ, जिसके बाद 20 हजार रुपए भेजे गए। फिर 9 मार्च को 40 हजार रुपए, 11 मार्च को 20 हजार रुपए और 13 मार्च को 20,001 रुपए आरोपी के खातों में जमा कराए गए। इसके बाद आरोपी ने बहाना बनाया कि थ्रेसर लेकर आने वाली गाड़ी राजस्थान के धौलपुर में फंसी है और अतिरिक्त पैसों की मांग की। जिसके बाद शक होने पर फरियादी ने आगे पैसे देने से इनकार कर दिया और थ्रेसर भेजने को कहा। हालांकि आरोपी ने न तो थ्रेसर भेजी और न ही पैसे लौटाए। इसके बाद पीड़ित ने 28 मार्च को 1930 साइबर हेल्पलाइन पर अपनी शिकायत दर्ज कराई। जिसके बाद चंदेरी पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात मोबाइल नंबर धारकों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता BNS की धारा 318(4), 319(2) और 308 के तहत मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है।